

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम प्रत्येक कार्यदिवस पर 11 से 1 बजे तक जनता की समस्याएं सुनेंगे

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि जिलाधिकारी सी रविशंकर प्रत्येक कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक आम जनमानस से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित करायेंगे।

### रोस्टेक ने आर्मी में 1000 से अधिक सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी

**(संवाददाता)** देहरादून। रोस्टेक स्टेट कॉर्पोरेशन ने आर्मी–2019 फोरम में 1000 से अधिक हथियारों, सैन्य उपकरणों और विशेष उपकरणों को प्रदर्शित किया। यह प्रदर्शनी मास्को के नजदीक कुबिंका में आयोजित की गई। इनमें टैंक, आईएफवी, हेलीकॉप्टर, यूएवी, आर्टिलरी सिस्टम एवं गोला–बारूद, उन्नत फायर आर्मस यानी आग्नेयास्त्र, संचार उपकरण, ईडब्ल्यू सिस्टम और कई अन्य उपकरण शामिल हैं। दर्शकों के लिए रोस्टेक के उत्पादों को पैट्रियट कांग्रेस एवं एक्जिबिशन सेंटर के मंडपों और खुले में बने प्रदर्शनी स्थलों पर प्रस्तुत किया गया।

### राज्य निर्माण सेनानी मंच ने मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य निर्माण सैनानी मंच ने अपनी मांगों को लेकर नवनियुक्त जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। साथ ही पदभार संभालने पर सेनानी मंच ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। शनिवार को उत्तराखण्ड सैनानी मंच के अपनी चिन्हिकरण एवं सात सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में शहीद स्थल पर धरने एवं अनशनरत हैं। जो प्रकिया शासन स्तर पर लम्बित है उन्होने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नही हो जाती धरना–प्रदर्शन व अनशन जारी रहेगा।

### भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास को आपरेशन मुक्ति अभियान चलाया

**(संवाददाता)** देहरादून। भिक्षावृति पर प्रभावी रोकथाम, जनता को भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चो को भिक्षा न दिये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करने व भिक्षावृति में लिप्त बच्चो के पुनर्वास हेतु जनपद में एक मई से तीस जून तक दो माह का अभियान आपरेशन मुक्तिफ चलाया गया। उत्तफ अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ के साथ मिलकर बच्चो द्वारा की जा रही भिक्षावृति कि प्रवर्ती पर प्रभावी रोकथाम कर भिक्षावृति में लिप्त बच्चो का पुनर्वास करना था। उत्त अभियान को तीन चरणों में विभाजित किया गया।

# विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शिलान्यास**

गढ़वाल कमिश्नरी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को दी बधाई

प्रवासी उत्तराखण्डवासी राज्य के विकास में बनें सहभागी

**(संवाददाता)**

पौडी / देहरादून। गढ़वाल कमिश्नरी की स्वर्ण जयंती समारोह "सुनैरू गढ़वाल" के अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कुल 1769.70 लाख की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जिसमें 1493.72 लाख की सड़क व अन्य योजनाओं का शिलान्यास तथा 275.98 लाख की सड़क व नहरों के पुनरूद्धार की योजनाओं का लोकार्पण सम्मिलित है।

मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें राज्य योजना के अन्तर्गत 3.50 कि.मी. भवन्यू–कोलड़ी–जसपुर से श्रीकोट तक मोटर मार्ग, 4.75 कि.मी घोड़ीखाल बैण्ड से पालसैण अनुसूचित जाति बस्ती भीमली तल्ली रैदुल आलधार तक मोटर मार्ग, 5.00 कि.मी ग्राम पंचायत बोरिक के अम्बेडकर ग्राम बकरोली से मुण्डेनेश्वर तक मोटर मार्ग, 15.00 कि.मी मरचूला सराईखेत बैजरों पोखड़ा सतपुली पौड़ी मोटर मार्ग में पी.सी. का कार्य के अन्तर्गत, टिहरी हिण्डौलाखाल, 15.00 कि.मी देवप्रयाग व्यासघाट बिलखेत मोटर मार्ग से पी.सी. द्वारा नवीनीकरण योजना के अन्तर्गत, 3.50 कि.मी. पौड़ी खोलाचौंरी मोटर मार्ग से एस.डी.बी.सी. द्वारा नवीनीकरण हेतु, खिर्सू क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु इको पार्क एवं होम स्टे कार्य तथा पर्यटन विभाग से सतपुली क्षेत्र में पर्यटन गतिविधि यों को विकसित करने हेतु एंगलिंग होम स्टे मॉडल की कार्य योजना शामिल हैं। जबकि लोकार्पण की गई योजनाओं में 4.00 कि.मी. मरचूला सराईखेत बैजरौं पोखड़ा सतपुली पौड़ी मोटर मार्ग, जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत 05 पर्वतीय नहरों तथा जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत 05 पर्वतीय नहरों की पुनरूद्धार योजना शामिल हैं।



बच्चों को दूध पिलाकर मुख्यमंत्री अमृत आंचल योजना का शुभारंभ करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने गढ़वाल मंडल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के लिए गढ़वाली पाठ्य पुस्तकों का भी लोकार्पण किया। उत्तराखण्ड राज्य में कक्षा 1 से 5 तक के पाठ्यक्रम में क्रमशः धगुली, हंसुली, छुड़की, पैजबि एवं झुमकी को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी में पढ़ रहे बच्चों को दूध पिलाकर मुख्यमंत्री अमृत आंचल योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना से प्रदेश भर में 1 लाख 66 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी के लिए हर्ष की बात है।

### देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों का लॉटरी के माध्यम से किया गया आवंटन

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु देशी/विदेशी मदिरा की अव्यवस्थापित मदिरा की दुकानों का लॉटरी के माध्यम से समस्त आवेदकों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता और विडियोग्राफी के माध्यम से व्यवस्थापन (आवंटन ) किया गया। लाटरी के माध्यम 5 विदेशी तथा 11 देशी दुकानों का आवंटन किया गया, जिसमें मदिरा की कुल 5 विदेशी दुकानों से कुल 25,47,12,964–(पच्चीस करोड़ सैंतालिस लाख बारह हजार नौ सौ चौंसठ) तथा देशी मदिरा की कुल 11 दुकानों से 58,85,68,428 रु (अठ्ावन करोड़ पिच्चासी लाख अड़सठ हजार चार सौ अठ्ाइस) रू0 राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान 11 देशी मदिरा की दुकानों में से 3 दुकानों के लिए केवल एक–एक आवेदक थे, जिस कारण दुकानों का आवंटन उनके नाम किया गया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को उपस्थित समस्त आवेदकों को लॉटरी द्वारा आवंटन की समस्त प्रक्रिया और आवेदन के साथ की तथा आवंटित होने के पश्चात शुल्क इत्यादि समस्त औपचारिकताओं को बताने के निर्देश दिये।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 12 तक बन सकते हैं वोटर

**(संवाददाता)** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल के अनुसार, पंचायत चुनाव की मतदाता सूची को बेहद पारदर्शिता के साथ तैयार कराया जा रहा है। सूची में कोई छूट न पाए, इसलिए कई स्तर पर जांच की जा रही है। 12 जुलाई तक सूची तैयार हो जाएगी। नए वोटरों को सूची में विशेष रूप से जोड़ा जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 12 जुलाई तक वोटर बन सकते हैं। इसके लिए अपने नजदीकी बूथ और पंचस्थानी कार्यालय में मतदाता फार्म भरकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराया जा सकता है। निकाय चुनाव में वोटर लिस्ट से हजारों नाम गायब होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए थे। इस मामले में आयोग स्तर से जांच भी बिठाई गई थी।

# कार्य की बेहतर निगरानी को जीपीएस लगाने के निर्देश

**निर्देश**

■ मानसून सीजन को लेकर डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को दिए निर्देश

देहरादून। **(संवाददाता)**

जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग के समस्त खण्डों के अधिशासी अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने व वर्षाकाल के दौरान तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिये।



मानसून को लेकर डीएम लोनिवि के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में पूर्व स्थलीय निरीक्षण के आधार पर मानसून के दौरान संभावित किये जाने वाले तत्काल के कार्य और उसके लिए आवश्यक मानवीय और मशीनरी के साथ तत्काल कार्यों के लिए वित्तीय जरूरतों का होमवर्क करते हुए उसके तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद में जो ब्लैक स्पॉट पूर्व में चिन्हित किये गये हैं उनको तत्काल ठीक करें साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में जहां भी केश बैरियर की आवश्यकता हो लगायें साथ ही सड़क पर जलभराव होने से यदि कीचड़–मिट्टी, गाद गड्डे हो जाते हैं तो वहां पर गड्डो का भरान करें और जल की निकासी व्यवस्था दुरूस्त कर दें। कालसी और साहिया के बीच जजरेड में मानसून के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया है कि इस जगह पर सुरक्षा कार्य हेतु विश्व बैंक से स्वीकृति मिल चुकी है और वन विभाग स्तर पर प्रपोजल तैयार किया जा रहा है।






### त्रिवेंद्र कैबिनेट की बैठक में 13 विषयों पर हुई चर्चा

**(संवाददाता)** देहरादून। पौड़ी में मंत्रिमंडल की बैठक में 13 विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें 11 पर मुहर लगायी गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।